शहीदों की नगरी शाहजहाँपुर का पहला राष्ट्रीय दैनिक

शेखर टाइम्स

जागरूकता से साइबर क्राइम से बच सकते

शेखर टाइम्स संवाददाता

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, द्वारा साइबर क्राइम सिक्योरिटी को लेकर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ0 एच. एल. मण्दोरिया ,प्रोफेसर रहै। वेबिनार का शुभारंभ डॉ एल. एस. मौर्य ने किया वेबिनार में सौरभ बनर्जी ने विषय के बारे में बताया। डॉ0 प्रभाकर गुप्ता डीन एकेडमिक्स ने साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य वक्ता डॉ0 एच. एल. मण्दोरिया ने साइबर क्राइम, इसके निहितार्थ और साइबर सुरक्षा, जैसे डेबिट या क्रेडिट कार्ड सावधानियों, ईमेल हैकिंग, पासवर्ड सुरक्षा जैसे विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया। डॉ0 एच एल मण्दोरिया ने बताया कि जागरूकता और जानकारी से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। वेबिनार में श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, बरेली, सहित प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र दिया जाएगा। डॉ0 प्रभाकर गुप्ता डीन एकेडमिक्स, डॉ0 अनुज कुमार डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट, विभागाध्यक्ष डॉ एल. एस. मौर्य, हीरेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार, मिस रोशनी कपूर, सचिन कुमार सक्सेना का योगदान रहा।